हिमाचल प्रदेश बारहवीं विधान सभा

तेरहवां सत्र

समाचार भाग-1

संख्याः 125

सोमवार, 19 दिसम्बर, 2016/28 अग्रहायण, 1938(शक्)

सदन की कार्यवाही का संक्षिप्त अभिलेख

समय : 02.00 बजे (अपराह्न)

सदन की बैठक माननीय अध्यक्ष, श्री बृज बिहारी लाल बुटेल की अध्यक्षता में आरम्भ हुई ।

माननीय अध्यक्ष द्वारा घोषणा

मैं माननीय सदन में उपस्थित सभी माननीय सदस्यों का शीतकालीन सत्र में भाग लेने के लिए हार्दिक स्वागत करता हूँ। हिमाचल प्रदेश विधान सभा की पूरे देश में एक अपनी गरिमा रही है तथा हमारा जो डिबेट का स्तर है वह भी काफी उच्च रहा है। उसी गरिमा को बरकरार रखते हुए मेरा आप सभी से अनुरोध रहेगा कि आप सदन के संचालन में मुझे अपना सहयोग देंगें और उच्च परम्पराओं को बनाए रखेगें। मेरा यह प्रयास रहेगा कि सभी माननीय सदस्यों को अपनी बात नियमानुसार सदन में रखने का मौका प्रदान करूं। इसके साथ ही मैं सरकार से भी यह उम्मीद करता हूं कि माननीय सदस्यों द्वारा सदन में उठाए गए विषयों का पूर्णतः उत्तर दें।

इससे पूर्व की आज की कार्यवाही आरम्भ करें मेरा सभा मण्डप में उपस्थित सभी से निवेदन है कि वे राष्ट्रीय गान के लिए अपने-अपने स्थान पर खड़े हो जायें।

(राष्ट्रीय गान गाया गया)

1. **शोकोद्‌गारः**

निम्नलिखित ने स्वर्गीय श्री ईश्वर दास धीमान, सदस्य, हिमाचल प्रदेश विधान सभा एवं स्वर्गीय सुश्री जयललिता, तत्कालीन मुख्य मन्त्री, तमिलनाडू के निधन पर शोकोद्‌गार व्यक्त किएः-

1. श्री वीरभद्र सिंह, माननीय मुख्य मन्त्री
2. प्रो0 प्रेम कुमार धूमल, नेता प्रतिपक्ष
3. श्रीमती विद्या स्टोक्स, सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री
4. श्री कुलदीप कुमार
5. श्री सुरेश भारद्वाज
6. श्री महेश्वर सिंह
7. श्री कौल सिंह ठाकुर, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री
8. श्री सतपाल सिंह सत्ती
9. श्री रविन्द्र सिंह
10. श्री नरेन्द्र ठाकुर
11. श्री कर्ण सिंह, आयुर्वेद एवं सहकारिता मंत्री
12. डॉ0 राजीव विन्दल
13. श्री जय राम ठाकुर
14. श्री विजय अग्निहोत्री

माननीय अध्यक्ष ने सदन को सूचित किया कि स्वर्गीय श्री ईश्वर दास धीमान, सदस्य, हिमाचल प्रदेश विधान सभा एवं स्वर्गीय सुश्री जयललिता, तत्कालीन मुख्य मन्त्री, तमिलनाडू के निधन पर जो उल्लेख सदन में प्रस्तुत किए गये हैं, उनमें मैं भी अपने आप को शामिल करता हूं। श्री ईश्वर दास धीमान जी स्वच्छ छवि के व्यक्ति थे। उन्होंने अन्तिम क्षणों तक सदन के कार्यों का निर्वाहन बड़ी निष्ठा से किया। वे ई-विधान में भी गहरी रूची रखते थे। मैं शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी संवेदना प्रकट करता हूं तथा इस मान्य सदन की भावनाओं को शोक संतप्त परिवारों तक पहुंचा दिया जाएगा।

(दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए सदन में कुछ क्षण खड़े होकर मौन रखा गया)

शोकोद्‌गार के तुरन्त बाद माननीय अध्यक्ष ने सदन को बताया कि जैसे की पूर्व परम्परा रही है कि यदि किसी Sitting Member का निधन हो जाए तो सभा की कार्यवाही शोकोद्‌गार के उपरान्त उनके सम्मान में स्थगित कर दी जाती है। अतः यदि सदन की सहमति हो तो दिवंगत आत्माओं के सम्मान में आज की कार्यवाही स्थगित कर दी जाए?

अनुमति दी गई।

2. प्रश्नोत्तर :

तारांकित प्रश्न :

स्थगित तारांकित प्रश्न संख्या 2111, 3357, 2298 तथा तारांकित प्रश्न संख्या 3495 से 3534 तक के उत्तर सभा पटल पर रखे गए समझे गए तथा आज की कार्यवाही का हिस्सा बने।

अतारांकित प्रश्नः

स्थगित अतारांकित प्रश्न संख्या 698, 1281 तथा अतारांकित प्रश्न संख्या 1469 से 1497 तक के उत्तर सभा पटल पर रखे गए समझे गए तथा आज की कार्यवाही का हिस्सा बने।

(अपराह्न 3.12 बजे सदन की बैठक दिवंगत आत्माओं के सम्मान में मंगलवार, 20 दिसम्बर, 2016 के 11:00 बजे पूर्वाह्न तक स्थगित हुई)